## एक नजर में

### विश्वकर्मा जयंती पर शोभायात्रा में उमड़े समाजजन, विश्वकर्मा की भक्ति में झूमे श्रद्धालु



**नीमच।** जांगिड़ ब्राह्मण समाज जवाहर नगर नीमच के तत्वावधान में 49 वां श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 127 जवाहर नगर नीमच जांगिड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला में शनिवार 31 जनवरी को भगवान विश्वकर्मा मंदिर में प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष संयोजक कमल शर्मा उपस्थित थे ।कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वकर्मा भगवान के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर किया गया। जांगिड़ ब्राह्मण समाज नीमच के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महामंत्री प्रवीण शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि जन्म महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में जांगिड़ ब्राह्मण समाज धर्म शाला विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए जिसमें समाज के बालिकाओं महिलाओं बच्चों ने अपार उत्साह के साथ सहभागिता निभाई इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे विश्वकर्मा जन्म महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में विश्वकर्मा जन्म महोत्सव भगवान विश्वकर्मा जी कथा एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु -31 जनवरी शनिवार को सुबह 9 बजे हवन एवं गणपति पूजन, दोपहर 12:30 बजे विश्वकर्मा की शोभायात्रा शाम 4 बजे जवाहर नगर स्थित जांगिड़ ब्राह्मण समाज मंदिर में पूजा अर्चना के बाद विश्वकर्मा सर्किल से प्रारंभ हुई जो गायत्री मंदिर कमल चौक फव्वारा चौक नया बाजार घंटाघर होते हुए पुन: जांगिड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला मंदिर पर पहुंचकर पुरस्कार वितरण समारोह में परिवर्तित हो गई। जहां पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह 6:30 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सदस्य विनय जांगिड़,भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती अतिथि के रूप में मार्गदर्शन प्रदान किया ,31 जनवरी को सभी समाज बंधु अपना व्यापार व्यवसाय संस्थान का अवकाश रखकर कार्यक्रमों में सहभागी बनें। शोभा यात्रा में समाज के पुरुष श्वेत वस्त्र एवं महिलाएं लाल साड़ी चुनरी में सहभागी बने।

### श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव पर किया रक्तदान, 21 यूनिट का रखा लक्ष्य




**नीमच।** विश्वकर्मा समाज के आराध्य देव भगवान श्री विश्वकर्मा जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर दिव्यांग ज्योति सेवा संस्थान, नीमच द्वारा मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए रेड क्रॉस ब्लड बैंक, नीमच में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। धार्मिक श्रद्धा और सामाजिक सेवा ने इस कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद रक्तदान शिविर की शुरुआत की गई, जिसमें अक्षय ब्लड हेल्पलाइन के सहयोग से सुव्यवस्थित रूप से रक्त संग्रह किया गया। शिविर में समाजजनों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर मानव जीवन बचाने का संकल्प साकार किया। रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर में कुल 21 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है। ऐसे सेवा कार्य समाज में जागरूकता फैलाने के साथ ही परोपकार और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर रामप्रकाश बलदेवा, जगदीश शर्मा, भंवर लाल शर्मा, किशन लाल शर्मा, भोपराज शर्मा, शंभू प्रसाद शर्मा, कुशल शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक और समाजजन उपस्थित रहे।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबूल्दा में कैरियर काउंसलिंग व्याख्यान आयोजित




**भानपुरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबूल्दा, भानपुरा में हायर सेकेंड्री विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं अतिथि निरीक्षक रमेश चंद्र डांगी, थाना प्रभारी थाना भानपुरा, जिला मंदसौर रहे। उनके साथ पुलिस विभाग से प्र.आर. महेन्द्र सिंह झाला एवं आर. लक्ष्मण सिंह की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य लोकेश तिवारी, शिक्षकगण श्रीमती संध्या यादव, श्रीमती मनीषा तिवारी सहित कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 250 होनहार छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता निरीक्षक रमेश चंद्र डांगी द्वारा विद्यार्थियों को अच्छी दिनचर्या की शुरुआत, अच्छी आदतें, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण एवं लक्ष्य प्राप्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा चुनने, आत्मअनुशासन अपनाने एवं निरंतर परिश्रम के महत्व से अवगत कराया। उद्बोधन के पश्चात विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत करने हेतु प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों में पुलिस सेवा एवं प्रशासनिक सेवाओं में जाने को लेकर विशेष उत्साह और जागरूकता देखने को मिली।

# देवनारायण जन्मोत्सव पर शोभायात्रा में उमड़े समाज जन




**नीमच।** अखिल भारतीय मेवाड़ा धनगर गायरी समाज जिला नीमच द्वारा अपने आराध्य देव भगवान देवनारायण जी के जन्मोत्सव पर शनिवार को शोभायात्रा निकाली गई। भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह 10 बजे देवनारायण मंदिर कोर्ट मोहल्ला नीमच सिटी में पूजा अर्चना के बाद विशाल शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो प्रताप चौक, सांवरिया जी मंदिर, रोडवेज बस स्टैंड, बारादरी,नया बाजार, श्री राम चौक , घंटाघर, पुस्तक बाजार, 40 विद्युत केन्द्र चौराहा ,भारत माता चौक होते हुए टाउन हॉल सभा कक्ष पहुंची जहां दोपहर 2 बजे आमसभा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे ऊंट गाड़ी में महिला में बच्चे विराजित थे ।घोड़े पर भगवान देवनारायण का अभिनय ताराचंद गायरी सरवानिया महाराज महाराज ने किया,उसके साथ डीजे पर देवनारायण भगवान के जीवन चरित्र पर आधारित विभिन्न भजनों के स्वर लहरिया भी कर रही थी। इसके साथ ही समाज जन श्वेत महिलाएं लाल पीले परिधानों में परिधानों में हाथों में सफेद देवनारायण ध्वज लिए उपस्थित थे। आयोजकों द्वारा समाज जनों का भागवत दुपट्टा पहन कर सम्मान किया गया। समाज जनों द्वारा भगवान देवनारायण ,अमरा जी भगत एवं अहिल्याबाई होलकर की जय घोष भी लगाई गई ।इस अवसर पर खाट पर घोड़ी नृत्य भी प्रस्तुत करवाया गया था। मार्ग में स्थान स्थान पर विश्व हिंदू परिषद, युवा कांग्रेस, एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियो एवं प्रतिनिधियों द्वारा शोभा यात्रा में सहभागी समाज जनों का पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर खेड़ापति आश्रम खाचरोद के अवधूत महंत श्री श्री महात्यागी 1008 संत मंगलदास जी महाराज,धनगर गायरी युवा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामचंद्र धनगर, समाज नीमच के जिला अध्यक्ष बाबूलाल धनगर जमुनिया कला , पूर्व समिति अध्यक्ष शंभू लाल धनगर, सुरेश धनगर, जगदीश धनगर, युवा महासभा जिला अध्यक्ष अर्जुन धनगर विसलवास कला ,समिति अध्यक्ष कमलेश धनगर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे ।सभा को संबोधित करते हुए विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि जन-जन की आस्था का केंद्र भगवान देवनारायण सभी समाज और वर्गों के आदर्श महापुरुष है। सामाजिक समरसता के बिना किसी भी समाज के विकास की परिकल्पना नहीं हो सकती है। क्षेत्र विकास के लिए पंचायतों में 112 मंदिरों का जीर्णोद्धार,ट्रैक्टर व डोम जैसे विकास कार्य विधायक निधि से करवाए गए हैं। विधायक परिहार ने विधायक निधि से समाज की भादवा माता धर्मशाला में विकास कार्यों के लिए दो लाख 50हजार रुपए राशि स्वीकृति की घोषणा की ।वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष चोपड़ा ने कहा कि भगवान देवनारायण सभी समाजों के आदर्श हैं। सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए समाज में जागृति की आवश्यकता होती है। ऐसे सामाजिक आयोजन समाज विकास में मिल का पत्थर साबित होते हैं। धनगर गायरी समाज की लंबे समय से मांग के अनुरूप अहिल्यादेवी होल्कर की प्रतिमा नीमच के डाक बंगला क्षेत्र पर स्थापित कर चौक का विकास किया जाएगा, छात्रावास भूमि के लिए स्वीकृति प्रदान करने के लिए नगर पालिका परिषद में प्रस्ताव पारित करवाने का प्रयास किया जाएगा । कांग्रेस जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि धनगर समाज शिक्षा समाज विकास राजनीति व्यवसाय सभी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के साथ अग्रणी है ।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता उमराव सिंह गुर्जर, चित्तौड़गढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी, बांसवाड़ा जिला अध्यक्ष पूंजीलाल गाडरी राष्ट्रीय युवा महासभा अध्यक्ष लाखन सिंह लोहागढ़, राष्ट्रीय महासभा अध्यक्ष भगवती लाल चौधरी व कांग्रेस जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने भी समाज जनों को संबोधित किया।



## चौथे कृपा महोत्सव पर भजन संध्या

**नीमच।** नगर में चौथे कृपा महोत्सव के अवसर पर धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव का वातावरण बना हुआ है। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी लखदातार परिवार द्वारा चौथा कृपा महोत्सव हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार 31 जनवरी को भारत माता चौराहा, 40 नंबर क्षेत्र में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नामी भजन गायकों द्वारा भक्ति रस की गंगा बहेगी ।आयोजन से पूर्व शनिवार दोपहर को घंटाघर स्थित श्री नरसिंह मंदिर से निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा ढोल-दमकों की गूंज और श्याम नाम के जयकारों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली। मार्ग में श्याम भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया, वहीं जगह-जगह आतिशबाजी ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। निशान यात्रा में ग्रुप सदस्य व श्रद्धालु शामिल हुए, ।

इस भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक रोहित शर्मा 'जिमी' (कोलकाता) तथा कनिका ग्रोवर (मनासा) अपनी सुमधुर भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे।

## नीमच में केश वैन गार्ड की दर्दनाक मौत, कूल्हे में लगी गोली, 12 बोर बंदूक चली, इलाज से पहले तोड़ दम

**रतनगढ़। डाक बंगला चौराहा उस वक्त गोली की आवाज़ से दहल उठा, जब सेंट्रल बैंक की कैश डिलीवरी वैन में तैनात गार्ड मांगीलाल धाकड़ को उसकी ही लोडेड 12 बोर बंदूक से गोली लग गई। यह हादसा न सिर्फ चौंकाने वाला है, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े करता है।**

अचानक दबा ट्रिगर, कूल्हे में धंसी गोली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गार्ड मांगीलाल धाकड़, निवासी जिला रतलाम, की 12 बोर गन अचानक फायर हो गई। बताया जा रहा है कि लोडेड गन का सेफ्टी बटन अपने आप दब गया, जिससे गोली सीधे उसके कूल्हे में जा लगी और वह मौके पर ही लहूलुहान हो गया।



घायल अवस्था में मांगीलाल धाकड़ को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर की अनुपस्थिति के चलते इलाज नहीं मिल सका। हालत बिगड़ने पर उसे नीमच रेफर किया गया, लेकिन जावी के आसपास रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

डॉक्टर नदारद, ग्रामीणों में उबाल-घटना के बाद यह तथ्य सामने आया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ चिकित्सक प्रांकुर यादव मौके पर मौजूद नहीं थे ।स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि समय पर प्राथमिक उपचार मिल जाता, तो शायद मांगीलाल की जान बच सकती थी। इस लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

## नगर में पहली बार सेवानिवृति पर 653 छात्राओं को कराया स्नेहभोज

**भानपुरा।** भानपुरा नगर के समाजसेवी एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवारत शिक्षक यशवंत कुमार दुबे ने अपनी 39 वर्ष की शासकीय सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्ति के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 653 छात्राओं को स्नेहभोज करवा कर मानवता की एक मिसाल पेश की है। शिक्षक यशवंत कुमार दुबे शासकीय सेवा के 39 वर्ष पूर्ण कर दिनांक 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत हो रहे हैं। ज्ञात हो कि यशवंत कुमार दुबे कई वर्षों से सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भी अपनी सेवाएं प्रदान करते रहते हैं एवं अनेक वर्षों से नगर के श्री हरि ओम गणेश उत्सव सेवा समिति में भी गणेश



उत्सव पर्व पर बढ़ चढ़कर अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। नगर में सेवानिवृत्ति पर पहली बार इतने बड़े आयोजन के लिए लगातार शिक्षक यशवंत कुमार दुबे की सराहना की जा रही है। शिक्षक यशवंत कुमार दुबे के इस सराहनीय कार्य पर प्राचार्य गुलाम मोहम्मद शेख, विद्यालय के शिक्षक जीतू कुमार, वीरेंद्र लोहार, ज्योति जोशी, नीतू वाधवा, दितिशा शर्मा, ज्योति धाकड़ , किरण भाना, शीतल जैन, महेश सैनी, महेन्द्र प्रजापति, दीपेश नहकम, आकाश गौतम सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई

### जांगिड़ ब्राह्मण समाज ने निकाला भव्य चल समारोह, हुए धार्मिक आयोजन

मंदसौर। भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती पर्व के पावन अवसर पर जांगिड़ ब्राह्मण समाज द्वारा शनिवार को श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन श्री चारभुजनाथ मंदिर, जांगिड़ ब्राह्मण नयापुरा पंचायत, मंदसौर के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

प्रात: 8 बजे भगवान श्री विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। इसके पश्चात प्रात: 11




बजे भगवान श्री विश्वकर्मा की चित्र प्रतिमा के साथ नगर में भव्य चल समारोह (जुलूस) निकाला गया। चल समारोह में समाज के पुरुष, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैंड-बाजों, धार्मिक जयघोषों एवं झांकियों के साथ निकले जुलूस ने नगर का वातावरण भक्तिमय बना दिया।

दोपहर 1:30 बजे महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इसके पश्चात समाजजनों एवं आमजन के लिए भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने भगवान श्री विश्वकर्मा के आदर्शों, कर्मयोग एवं समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। आयोजन को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं युवाओं का विशेष योगदान रहा।

**एक नजर** — **कविता संवेदना से जन्म लेती है : पद्मश्री ज्ञान चतुर्वेदी, इतिहास स्वयं को दोहराता है : रज़ा काज़मी**

# महोत्सव की जड़ें हुई मजबूत आयोजन से , अब बनेगा वृहद वृक्ष : कलेक्टर

**मंदसौर। सीतामऊ स्थित नटनागर शोध संस्थान में 29 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का आज सफल एवं गरिमामय समापन हुआ। तीन दिवसीय इस साहित्यिक आयोजन में देशभर से पधारे साहित्यकारों, विचारकों, इतिहासकारों, कलाकारों एवं पर्यावरणविदों ने अपने विचारों से श्रोताओं को समृद्ध किया। महोत्सव एक 'नॉलेज कुंभ' के रूप में विकसित हुआ, जिसका सभी उपस्थितजनों ने लाभ उठाया।**

कविता संवेदना से जन्म लेती है : पद्मश्री ज्ञान चतुर्वेदी पद्मश्री ज्ञान चतुर्वेदी ने 'किस्से कहानियां' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि कविता वही बनती है, जिसे लेखक ने स्वयं महसूस किया हो। लेखन में संवेदना का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पुल और नदी के माध्यम से उदाहरण देते



हुए कहा कि जीवन को भीतर उतरकर समझना ही सच्ची रचना का आधार है। उन्होंने सरल, सहज और बोलचाल की भाषा को लेखन की आत्मा बताया तथा व्यंग्य रचना भी प्रस्तुत की।

पर्यावरणविद् रज़ा काज़मी ने 'पर्यावरण संरक्षण' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि इतिहास अपने आप को दोहराता है। उन्होंने आइने-ए-अकबरी का उल्लेख करते हुए बताया कि 1564 में इस क्षेत्र से अकबर 75 हाथी पकड़कर ले गया था। उन्होंने बच्चों से प्रकृति से जुड़ने, पक्षियों व जीव-जंतुओं को देखने और प्रकृति के नि:शुल्क आनंद को अपनाने का आह्वान किया।

साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता श्री जेरी पिंटो ने 'किताबों की दुनिया' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि अंग्रेज़ी के साथ-साथ हिंदी पढ़ना भी उतना ही आवश्यक है, जिससे हमारी जड़ें मजबूत होती हैं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, मानसिक व शारीरिक संतुलन पर विचार साझा किए तथा सकारात्मक कहानियों के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया।

मुजतबा खान ने 'दादी-नानी के किस्से' सुनाते हुए कहा कि यह आयोजन सीतामऊ को जश्न-ए-सीतामऊ में बदल देता है। उन्होंने समाज को सुंदर बनाने में भाषा के साथ-साथ तहज़ीब के महत्व पर प्रकाश डाला।

फिल्मफेयर पुरस्कार विजेता प्रशांत पांडे ने अपने जीवन सफर पर आधारित 'सुवासरा से फिल्मफेयर तक' विषय पर प्रेरक अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया।

समापन अवसर पर सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग ने कहा कि प्रशासन के प्रयासों से यह दूसरा साहित्य महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने नटनागर शोध संस्थान को एशिया की दूसरी सबसे बड़ी लाइब्रेरी बताते हुए इसे ज्ञान का अनुपम केंद्र कहा। पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा ने कहा कि इस महोत्सव ने सीतामऊ को एक नई पहचान दी है और यह आयोजन स्व. रघुवीर जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

कलेक्टर अदिती गर्ग ने कहा कि यह एक छोटी-सी पहल थी, जिसका दूसरा चरण भी सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

उन्होंने कहा– 'शीशे तराशने का हुनर देखते हैं लोग, हाथों में कितना खून है कोई देखता नहीं।' बाहर से आए विद्वानों ने स्थानीय संस्कृति को जाना और स्थानीय लोगों को राष्ट्रीय स्तर के विचारों से जुड़ने का अवसर मिला। अब इस महोत्सव की जड़ें मजबूत हो चुकी हैं, जो आगे चलकर एक वृहद वृक्ष का रूप लेंगी। उन्होंने स्कूली बच्चों की सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

समापन अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला, जिला योजना समिति सदस्य अनिल पांडे सहित जनप्रतिनिधि, साहित्यप्रेमी, दर्शकगण एवं पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।